02/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत और पैराग्वे ने स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन जैसे क्षेत्रों में अपने संबंधों को और मजबूत करने का फैसला किया है। यह निर्णय आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान लिया गया। दोनों देशों ने साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत का विमानन क्षेत्र वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी है और अब यह आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ, आईएटीए की ईक्यासीवीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अंतरिक्ष-विमानन अभिसरण में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहा है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने पिछले सप्ताह ईस्ट कामेंग और लोअर सुबनसिरी जिलों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने जिला प्रशासन से हाई अलर्ट पर रहने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकारियों के साथ सहयोग करने और प्रशासन के साथ ही भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी सुरक्षा सलाह का पालन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने यह भी सिफारिश की है कि, मौजूदा मौसम की स्थिति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला, सब-डिवजनल और सर्कल स्तरों पर पूरी तरह सुसज्जित बचाव और प्रतिक्रिया दल तैनात किए जाएं।

000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, शी योमी, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित और चांगलांग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, अपर सुबनसिरी, कामले, सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, लेपा रादा, नामसाई, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000

आज स्थानीय विधायक तोजिर कादू की सेवा का एक वर्ष पूरा हो गया हैं। इसी के तहत भाजपा नारी मंडल इकाई द्वारा नारी में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में राज्य भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंग ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरे समर्पण के साथ भारतीय जनता पार्टी के मूल्यों को बनाए रखने और अनुशासन एवं एकता के साथ काम करना जारी रखने का आग्रह किया।

0000000000000000

असम में आज भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर बढ़ गया है। 17 जिलों में करीब चार लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य में बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित सभी जिलों में बावन राहत शिविर और एक सौ तीन राहत वितरण केंद्र खोले हैं और बचाव एवं राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। 000000000000000000000

ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने आज देश के पांच उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) में नक्शा कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण के दूसरे चरण का संचालन शुरू किया, जिसमें असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र उत्कृष्टता केंद्र भी शामिल है।

000000000000000000

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज पेरिस में शीर्ष वैश्विक सीईओ से मुलाकात की और इलेक्ट्रिक वाहन तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे आशाजनक क्षेत्रों में भारत के बाजार के लिए उनकी भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा की। फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा के दैरान श्री गोयल मंगलवार को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भाग लेंगे।

0000000000000000000000

देशभर में कोविड-19 के तीन हजार नौ सौ साठ से अधिक सक्रिय मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में सबसे अधिक चौदह सौ पैंतीस मामले दर्ज किए गए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में पांच सौ छह और दिल्ली में चार सौ तिरासी मामले सामने आए हैं।

0000000000000000000000

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण - ट्राई ने इस साल 13 मई को डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियमन 2024 के तहत डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़ी संपत्तियों की रेटिंग के आकलन के लिए 'ड्राफ्ट मैनुअल' जारी किया था। हितधारकों की टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पहले इस महीने की 2 और 9 तारीख तय की गई थी।

000000000000000000

कमांडेंट कैलाश सिंह मेहता के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 18वीं टुकड़ी इस महीने की 4 तारीख को बेनी, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में मोनूस्को यूएन शांति मिशन के लिए रवाना हो रही है।

00000000000000000000000